पाक्षिक
# खबर आस पास
RJHIN/26/A2554
संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी
मो. 9587570001
Email : khabaraaspass@gmail.com
पृष्ठ : 4 मूल्य : 5.00 रुपये
बीकानेर : गुरूवार 16 जुलाई 2026
वर्ष : 1 अंक : 6



## पुरी रथयात्रा आज से

### 6 महीने पहले से होटल बुकिंग : रु.1500 का कमरा रु.50 हजार में मिल रहा; हावड़ा में

**पुरी एजेन्सी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार से शुरू होगी। यह भव्य उत्सव 24 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। रथयात्रा को लेकर पुरी के होटल और लॉज पूरी तरह फुल हो चुके हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक, इस साल फरवरी से ही बुकिंग शुरू हो गई थी। मंदिर और रथयात्रा मार्ग के आसपास के होटल-लॉज की सबसे ज्यादा मांग है। खासकर जिन होटलों की बालकनी या खिड़की रथयात्रा मार्ग की ओर खुलती है, उनके लिए सबसे ज्यादा मारामारी है। पिछले साल के मुकाबले होटल और लॉज का किराया 10 गुना तक बढ़ गया है। जिन लॉज का सामान्य किराया 1500 से 2000 रुपए होता है, उनका किराया रथयात्रा के दौरान तीन दिन के लिए 50 हजार रुपए तक पहुंच गया है। पूरे शहर में करीब 1200 होटल हैं।

### हावड़ा में प्रोफेसर की गोद बनती है भगवान जगन्नाथ का रथ

धर्म और आस्था की सीमाओं से परे पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हर साल एक अनोखी रथयात्रा निकाली जाती है। यहां न तो रस्सी से रथ खींचा जाता है और न ही विशाल रथ सजाया जाता है।

इसके बजाय कोलकाता के सेंट पॉल कैथेड्रल मिशन कॉलेज के बांग्ला विभाग के प्रोफेसर डॉ. शेख मकबूल इस्लाम भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन के विग्रह को अपनी गोद में लेकर करीब 400 मीटर की परिक्रमा करते हैं। इस यात्रा में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई तीनों समुदायों के लोग शामिल होते हैं।

डॉ. इस्लाम 1992 से भगवान जगन्नाथ पर शोध कर रहे हैं और इस विषय पर 14 से अधिक किताबें लिख चुके हैं। 1996 से उनके घर में भगवान जगन्नाथ का विग्रह स्थापित है, जबकि 2009 से वे हर साल रथपूजा के अवसर पर इस अनूठी परिक्रमा का आयोजन कर रहे

## भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

### रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई की तैयारी; संसद में बिल पेश, 5 देश निशाने पर

**नई दिल्ली एजेन्सी।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।

बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के शुरुआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है।

### भारत ने पिछले महीने आधे से ज्यादा तेल रूस से खरीदा

भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया। रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### यूरोपीय देशों को टैरिफ में राहत देगा अमेरिका

रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले चीन, फ्रांस, जापान, हंगरी और बेल्जियम को भी इसके दायरे में रखा गया है। हालांकि, जो देश रूस की कुल गैस निर्यात का 15% से कम आयात करते हैं और अपनी निर्भरता घटाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं, उन्हें छूट मिल सकती है। सीनेट में पेश बिल के तहत 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित 100% टैरिफ से छूट दी गई है। इन देशों को राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि ये रूस से 15% से कम प्राकृतिक गैस खरीदते हैं और धीरे-धीरे उस पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहे हैं। डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि यह बिल यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ नहीं है। इसका निशाना सिर्फ वे देश हैं, जो अब भी रूस के तेल कारोबार को सबसे ज्यादा आर्थिक सहारा दे रहे हैं। बिल में रूस के ऊर्जा उद्योग, वित्तीय संस्थानों, रक्षा औद्योगिक ढांचे, कारोबारियों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।

## वनडे और टी-20 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट में होंगे: वनडे में सेमीफाइनलिस्ट सुपर-7 से, टी-20 में सुपर-10 से तय होंगे, क्वालिफिकेशन का सिस्टम भी बदला

**नई दिल्ली एजेन्सी।** 2027 का वनडे वर्ल्ड कप और 2028 का टी-20 वर्ल्डकप नए फॉर्मेट में होगा। वनडे वर्ल्ड कप में 14 टीमों के साथ नया थ्री-स्टेज फॉर्मेट लागू होगा, जिसमें सेमीफाइनलिस्ट सुपर-7 राउंड से चुने जाएंगे। अब तक यह सुपर-6 से चुने जाते थे। वहीं, टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 की जगह सुपर-10 स्टेज खेला जाएगा। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दो नए एलिमिनेटर मुकाबले भी जोड़े गए हैं। ICC ने बुधवार को नए फॉर्मेट में बदलावों को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 2028 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए नया क्वालिफिकेशन स्ट्रक्चर बनाया गया है। इनका ऐलान एडिनबर्ग में हुई ICC की सालाना बैठक (AGM) के बाद किया गया।




**वनडे वर्ल्डकप में 14 टीमें ही हिस्सा लेंगी**

वनडे वर्ल्ड कप में 14 टीमें ही खेलेंगी, लेकिन फॉर्मेट को थ्री-स्टेज में बदल दिया गया है। नए फॉर्मेट में सबसे पहले सुपर सीरीज खेली जाएगी। इसमें रैंकिंग की आखिरी तीन टीमें (12, 13 और 14) राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में आमने-सामने होंगी और एक टीम दूसरे राउंड में पहुंचेगी।

दूसरे राउंड में 12 टीमें ही होंगी। 6-6 टीमों के दो ग्रुप होंगे, जिनमें कुल 30 मैच खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें और दोनों ग्रुप को मिलाकर एक बेस्ट (सातवीं) टीम तीसरे राउंड यानी सुपर-7 में पहुंचेगी।

सुपर-7 में सभी सात टीमें आपस में राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में कुल 21 मैच खेलेंगी। इसके बाद टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल (1 बनाम 4 और 2 बनाम 3) में पहुंचेंगी। इनकी विजेता टीमें फाइनल खेलेंगी।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप में ऐसे तय होंगी 14 टीमें**

2027 वनडे वर्ल्ड कप में कुल 14 टीमें खेलेंगी। इनमें दो मेजबान (साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे), रैंकिंग के आधार पर सीधे क्वालिफाई करने वाली टॉप-8 टीमें और वर्ल्ड कप क्वालिफायर से आने वाली टीमें शामिल होंगी। तीसरे होस्ट नामीबिया को भी क्वालीफायर खेलना होगा।

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इन 14 टीमों में सबसे निचली रैंक वाली तीन टीमें (12वीं, 13वीं और 14वीं) राउंड-1 खेलेंगी, जिसमें सिर्फ एक टीम अगले दौर में पहुंचेगी। इसके बाद बाकी 11 टीमों के साथ मिलकर 12 टीमें दो ग्रुप (6-6) में खेलेंगी।

दोनों ग्रुप से टॉप-3 और चौथे स्थान पर रहने वाली दोनों टीमों में से बेहतर एक टीम सुपर-7 में पहुंचेगी। सुपर-7 की सातों टीमें राउंड-रॉबिन मुकाबले खेलेंगी, जहां से टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल और फिर फाइनल के जरिए चैंपियन तय करेंगी।

**पुराने फॉर्मेट में दो ग्रुप और सुपर सिक्स स्टेज होती थी**

पुराने फॉर्मेट में 7-7 टीमों के दो ग्रुप होते थे, जिनमें कुल 42 मैच खेले जाते थे। दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें सुपर सिक्स में पहुंचती थीं। सुपर सिक्स में 3-3 टीमों के दो ग्रुप बनते थे, जहां कुल 9 मैच खेले जाते थे। इसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल और फिर फाइनल में पहुंचती थीं।

## संपादकीय

# सुनो सरकार... यह भूख की नहीं, लोकतंत्र की परीक्षा है

### सत्येंद्र राजवंशी

लोकतंत्र का दुर्भाग्य है कि कई बार शांतिपूर्ण विरोध की आवाज़ सत्ता तक देर से पहुँचती है, जबकि टकराव की आशंका पैदा होते ही पूरा सरकारी तंत्र सक्रिय हो जाता है। लोकतंत्र की असली पहचान तो यही है कि सबसे धीमी, सबसे शांत और सबसे संयमित आवाज़ भी उतनी ही गंभीरता से सुनी जाए, जितनी किसी बड़े जनदबाव को।

इसी कसौटी पर आज एक बड़ा सवाल खड़ा है। देश के जाने-माने शिक्षाविद्, इंजीनियर और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक पिछले 18 दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वे लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। उपलब्ध स्वास्थ्य अपडेट के अनुसार उनका 8.9 किलोग्राम से अधिक वजन कम हो चुका है और डॉक्टर उनकी बिगड़ती हालत पर लगातार चिंता जता रहे हैं। मामला इतना गंभीर हो गया कि दिल्ली हाईकोर्ट को भी केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगना पड़ा।

विडंबना देखिए, दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाला भारत आज अपने ही एक शांतिपूर्ण आंदोलनकारी की आवाज़ सुनने में हिचकता हुआ दिखाई देता है। ऐसा लगता है कि अब लोकतंत्र में तर्क से अधिक दबाव और संवाद से अधिक परिस्थितियों की गंभीरता का असर दिखाई देने लगा है। यदि ऐसा है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है।

सरकार का अपना पक्ष हो सकता है। हर मांग को स्वीकार करना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होता। लेकिन लोकतंत्र की पहली शर्त संवाद है, मौन नहीं। असहमति का जवाब चुप्पी नहीं, बातचीत होती है। यदि सरकार बातचीत भी नहीं करेगी, तो फिर जनता अपने सवाल किससे पूछे?

यह मामला केवल सोनम वांगचुक का नहीं है। यह उस व्यवस्था का आईना है, जिसमें शांतिपूर्ण विरोध को कई बार इंतजार करना पड़ता है। यह संदेश चिंताजनक है। आने वाली पीढ़ियां क्या सीखेंगी? क्या वे यह मान लें कि लोकतंत्र में संयम और अहिंसा की अपेक्षा दबाव अधिक प्रभावी है?

महात्मा गांधी ने सत्याग्रह को सत्ता से टकराने का नहीं, उसकी अंतरात्मा को जगाने का माध्यम बनाया था। लेकिन यदि संवेदनशीलता ही मौन हो जाए, तो सत्याग्रह की आवाज़ आखिर किस दरवाजे पर दस्तक दे?

सवाल केवल यह नहीं है कि सरकार सोनम वांगचुक की मांगों से सहमत है या नहीं। असली सवाल यह है कि क्या सरकार उनकी बात सुनने को तैयार है? लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति का सम्मान करने की संस्कृति भी है।

सत्ता में बैठे लोगों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेही से भी चलता है। यदि एक शांतिपूर्ण अनशन के 18 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार और आंदोलनकारी आमने-सामने बैठकर बातचीत नहीं कर पा रहे हैं, तो सवाल केवल एक आंदोलन का नहीं, लोकतांत्रिक संस्कृति का भी है।

सरकार को चाहिए कि वह राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर तत्काल संवाद की पहल करे। किसी भी मांग को स्वीकार करना या अस्वीकार करना उसका अधिकार है, लेकिन सुनना उसका संवैधानिक और नैतिक दायित्व है। क्योंकि जब शांतिपूर्ण आवाज़ें भी अनसुनी होने लगती हैं, तब लोकतंत्र की आत्मा कमजोर पड़ने लगती है।

सोनम वांगचुक का अनशन केवल एक व्यक्ति का संघर्ष नहीं, बल्कि यह उस लोकतांत्रिक संवेदनशीलता की परीक्षा है, जिस पर भारत हमेशा गर्व करता आया है। सत्ता की ताकत उसकी चुप्पी में नहीं, बल्कि संवाद की क्षमता में दिखाई देती है।



# वंदेमातरम टीम का सामूहिक हनुमान चालीसा-नौ ग्रह पूजन से समस्त संकटों से मिलती है मुक्ति - विमर्शानंद महाराज

## सम्मान की चिंता ना अपमान का भय,सनातन धर्म की रक्षा मेरा निश्चय – कामिनी विमल भोजक मैया

**बीकानेर (खबर आस पास)।** वंदेमातरम टीम द्वारा हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हिंदू जागृति और विश्व कल्याण हितार्थ किया जाता है !

सामूहिक हनुमान चालीसा की नौवीं कड़ी थी जिसमें नवाचार करते हुए नवग्रह पूजन भी किया गया नवग्रह पूजन पंडित गिरीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया था 7.30 पर कार्यक्रम की शुरुवात प्रख्यात भजन गायक नलिन शर्मा द्वारा संगीतमय भजन से हुई जिस पर श्रद्धालु झूम उठे कुछ श्रद्धालु तो स्वयं को रोक ही नहीं पाए और भजन पर थिरकने लगे विशेष प्रस्तुति सूरज राठौड़ की थी आज वंदना सारवाल ने भी अपनी मधुर वाणी से भजन गाया

कार्यक्रम का शुभारंभ सुधा आचार्य के शंख वादन शिवबाड़ी मठ के महंत विमर्शआनंद गिरि के गुरु पूजन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आरएसएस के कन्हैया लाल पांडे और व्यास कॉलोनी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह का वंदेमातरम टीम विजय कोचर,मुकेश जोशी, तरुण गुरेज़ा,पुरुषोत्तम सुधार,सत्यदेव शर्मा, नरसिंह भाटी नरेश, शिवदयाल उपाध्याय द्वारा कुमकुम तिलक,माला, राम नाम का दुपट्टा शॉल पहनाकर स्वागत किया गया

कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं का तिलक कर स्वागत सपना तिवाड़ी और सूरज राठौड़ द्वारा स्वागत किया गया पुष्प वर्षा जसोदा खत्री,सुमित्रा सैन,बसंती साध द्वारा की गई वंदेमातरम टीम के सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की ग्यारहवीं कड़ी में ग्यारह हजार हनुमान चालीसा के पाठ किए जायेंगे उसकी विस्तृत जानकारी राधा खत्री और कमल सैन द्वारा दी गई

विमर्शानंद जी महाराज ने बताया कि हनुमान कहां नहीं है वो तो सब जगह व्याप्त है बस हम ही उन्हें पहचान नहीं पाते उन्होंने चना, गुड़ और गुलाब का उदाहरण देते हुए सिद्ध किया कि ईश्वर हर जगह व्याप्त है हम उन्हें अलग मानने की भूल करते है साथ ही कहा कि जब आप नौ ग्रह का पूजन कर लेते है तो आपके सारे संकट दूर हो जाते है

जय नारायण व्यास कॉलोनी में नवनियुक्त थानाधिकारी ने बताया कि आज बच्चे जो नशे की गिरफ्त में जाते जा रहे हैं उन्हें बचपन से ही सही गलत का भान कराया जाए और इसकी जिम्मेदारी माताओं को लेनी है कि उन्हें अध्यात्म से जोड़े अपने धर्म के बारे में बताएं पिता यदि स्वयं नशा करता होगा तो कैसे बच्चे को बचा पाएगा उसे पहले स्वयं नशा छोड़ना होगा

विजय कोचर ने बताया कि हमें गर्व है कि हमारी वंदेमातरम टीम का कोई भी पदाधिकारी किसी भी तरह का नशा नहीं करता है

कार्यक्रम संयोजक तरुण गुरेज़ा ने कहा कि आप आज संकल्प ले कि आज से हर मंगलवार आप किसी भी मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा पाठ जरूर करेंगे ताकि हम अपने बच्चों को मंदिर जाना सिखा पाए,जब युवा अध्यात्म का रुख करेगा तभी उसका चरित्र निर्माण हो पाएगा

मातृशक्ति अध्यक्ष कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा कि सनातन धर्म में एक अदभुत शक्ति है इसके हर क्षण की पूजन विधि ना सिर्फ आध्यात्मिक अपितु मानसिक ताकत भी प्रदान करती है और मेरा निश्चय है कि चाहे कुछ भी हो मुझे मेरे सनातन धर्म को बनाए और बचाये रखना है

**कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुक श्रद्धालुओं का धन्यवाद नरेश गुरेजा ने दिया**

कार्यक्रम में अखिलेश प्रताप सिंह,कमल गुरेजा,मिंटू सक्सेना,संजय गुप्ता,बिंदु सुरोलिया, ममता पारीक,मंजू पारीक,नलिन सारवाल,मुकेश जोशी शिव दयाल उपाध्याय, पुरुषोत्तम सुथार, कमल सेन,मनोहर खीचड़,मूल चंद स्वामी, भवानी सुथार, जीतेन्द्र सिंह खींवसर, राकेश पाल, राजेंद्र रामपुरिया, आनंद जोशी, कन्हैया लाल पंवार, नरसिंघ भाटी, मांगी लाल सुथार,गोविन्द राठी, रामेश्वर सोनी, सुरेश गुप्ता, आनंद गोड़,उर्मिला गुप्ता,कविता यादव,आदि उपस्थित ।

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

### 31 जुलाई 2026 तक कर सकेंगे आवेदन

### वीएमओयू में महिलाओं को नि:शुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम बी.ए., बी.एस.सी., लाइब्रेरी स्नातक, जर्नलिज्म में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम.ए., कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर, गणित में स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में प्रवेश चालु है।

निदेशक श्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के रोजगारपरक पाठ्यक्रम पत्रकारिता, कंप्यूटर, योग एवं एम.बी.ए. जैसे व्यवहारिक विषयों में प्रवेश ले सकते है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी नजदीकी ई-मित्र एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा करवाकर घर बैठे प्रवेश ले सकते है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस बार नया पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन कंप्यूटर एकाउंटिंग एन्ड मैनेजमेंट तथा फलित ज्योतिष एवं कर्मकांड में भी सर्टिफिकेट कार्यक्रम चालू किया है। विश्वविद्यालय के प्रोफेशनल पाठ्यक्रम एम.बी.ए. में बिना प्रवेश परीक्षा के अहर्ता दस्तावेज पूर्ण करने से प्रवेश दिया जा रहा है तथा प्रवेश लेते समय पाठ्यसामग्री नहीं लेने पर कुल फ़ीस में 15 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है तथा महिला विद्यार्थियों को निः शुल्क शिक्षा दी जाएगी। (फ़ीस का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा)

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में एन.ई.पी.-2020 के तहत सेमेस्टर प्रणाली चालू की गई है जिसमे अभी प्रवेश लेने वाले सेमेस्टर प्रथम की परीक्षा दिसम्बर 2026 में आयोजित करवाई जाएगी।

विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रथम एवं सेमेस्टर द्वितीय दोनों में प्रवेश एक साथ दिया जा रहा है जिसमे परीक्षा फ़ीस, पाठ्यसामग्री फ़ीस एवं अन्य फ़ीस शामिल है। विश्वविद्यालय में प्रमोटी प्रवेश भी चालू है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कुल 18 अध्ययन केंद्र भी बनाए है ताकि उनके नजदीक के अध्ययन केन्द्रों पर प्रायोगिक शिविर, एवं परीक्षाएं आयोजित करवाई जा सके एवं नजदीक ही आंतरिक गृहकार्य जमा करवा सके। मुख्य रूप से सूरतगढ़, हनुमानगढ़, सरदारशहर, नोहर, चूरू, तारानगर, नोखा, श्रीगंगानगर, घडसाना अध्ययन केंद्र बनाए गए हैं और ये परीक्षा केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में विषय का 30 प्रतिशत मार्क्स है जिसमे आन्तरिक गृहकार्य जमा करवाने की व्यवस्था है जो उनके अंक परीक्षा परिणाम में जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने पश्चात प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा नही करवानी है। विद्यार्थी अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# रानी बाजार में बनेगा 'स्व.शिशुपाल-पलक कामरा अपना घर आश्रम': 2000 वर्ग मीटर में 300 बिस्तरों का आश्रय, असहायों को मिलेगा नया ठिकाना




(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** मानवता की सेवा के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। स्व.शिशुपाल और पलक कामरा परिवार ने रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र में 2000 वर्ग मीटर भूमि दान कर अपना घर आश्रम बनाने का संकल्प लिया है। यह आश्रम मनोरोगी, मंदबुद्धि, बीमार, लाचार, मूक-बधिर और बेसहारा लोगों को सहारा देगा। इस पहल की प्रेरणा वरिष्ठ उद्योगपति बेगराज नागपाल और बीकानेर जिला उद्योग प्रन्यास अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया से मिली है। भूमिदाता संगीता कामरा ने कहा कि यह ईश्वरीय आशीर्वाद है कि समाज से कमाया हुआ अब समाज को लौटाने का मौका मिला। प्रस्तावित आश्रम में 300 से अधिक बिस्तरों की व्यवस्था होगी। यहां भोजनशाला, प्राकृतिक उपचार केंद्र, योग-ध्यान कक्ष और सत्संग भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आश्रम का संचालन अपना घर आश्रम बीकानेर के तत्वावधान में होगा। संस्था अध्यक्ष हनुमान झंवर ने बताया कि पूरे देश में अपना घर की 71 शाखाएं पहले से चल रही हैं। भूमि की रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो चुका है। भूमि को औद्योगिक से आवासीय में बदलवाने और स्टाम्प ड्यूटी में छूट के लिए प्रन्यास ने सामाजिक न्याय विभाग जयपुर में सामाजिक सुरक्षा प्रोत्साहन योजना 2023 के तहत आवेदन किया है। बीकानेर जिला उद्योग प्रन्यास 80त्त और ष्टस्क्रके तहत पंजीकृत संस्था है। प्रन्यास कोषाध्यक्ष भंवरलाल चांडक ने कहा कि आश्रम के सुचारू संचालन के लिए शहर के प्रबुद्धजनों को जोड़ा जाएगा।

# बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल का आध्यात्मिक आयोजन : इस्कॉन के देवकीनंदन प्रभुजी ने व्यापारियों को दिया गीता और नाम जप का संदेश

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल ने बुधवार को नोखा रोड स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम में व्यापारियों के लिए विशेष आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया। कार्यक्रम में इस्कॉन राजस्थान के जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभुजी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष जुगल राठी और सीओ सिटी परमेश्वर सुथार ने देवकीनंदन प्रभुजी का माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर स्वागत कर किया। इसके बाद मंडल की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह और श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की गई। यह सम्मान सचिव संजय जैन सांड़, राजेन्द्र राजपुरोहित और सरपंच हेमंत यादव ने संयुक्त रूप से दिया।

**व्यापारी समाज के लिए प्रेरणा बनें**

देवकीनंदन प्रभुजी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी वर्ग समाज का प्रभावशाली हिस्सा है। लोग उनके आचरण को देखते हैं। यदि व्यापारी रोजाना हरे कृष्ण महामंत्र का जप करें और गीता के सिद्धांतों को जीवन में उतारें तो वे खुद तनावमुक्त और संतुलित




जीवन जी सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुख, शांति और समृद्धि का असली आधार आध्यात्मिक जीवन ही है। इस्कॉन जोधपुर के मंदिर अध्यक्ष सुंदरलाल प्रभुजी ने भी व्यापारियों से अपील की कि वे रोजाना कुछ समय नाम स्मरण, गीता पाठ और सत्संग के लिए जरूर निकालें।

**बीकानेर में बनेगा भव्य इस्कॉन मंदिर**

इस्कॉन बीकानेर के आउटपोस्ट मैनेजर संकर्षण प्रिय प्रभुजी ने बताया कि किशमीदेसर में श्रद्धालु गिरधारी लाल जी ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान की है। भक्तों और शहरवासियों के सहयोग से बीकानेर में जल्द ही भव्य इस्कॉन मंदिर का निर्माण शुरू होगा, जो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। कार्यक्रम का संचालन पंकज पारीक ने किया। अंत में अध्यक्ष जुगल राठी और सचिव संजय जैन सांड़ ने सभी का आभार जताया। इस दौरान जनक हर्ष, वेद प्रकाश अग्रवाल, बजरंग सोखल, शंकर अग्रवाल, प्रेम जोशी, दिनेश राठी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा शिविर में तुरंत हुआ कामः शेखसर के भंवरलाल को एनएफ़एसए का लाभ मिला, अब मिलेगा नियमित राशन




(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** राजस्थान सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर का लाभ लूणकरणसर की ग्राम पंचायत शेखसर में एक परिवार को तुरंत मिला। शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़ी समस्या लेकर पहुंचे भंवर लाल पुत्र हड़मान को मौके पर ही राहत दी गई। भंवर लाल ने अपनी समस्या उपखंड अधिकारी दयानंद रुयल के सामने रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी मनीष अवस्थी ने सभी तकनीकी और दस्तावेजी प्रक्रिया शिविर में ही पूरी करवाई। विभागों के समन्वय से भंवर लाल का आवेदन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत तुरंत स्वीकार कर दिया गया। आवेदन स्वीकृत होते ही परिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ भी मिलना तय हो गया। अब परिवार को हर महीने नियमित खाद्यान्न मिलेगा। इस मदद से भंवरलाल के परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा। लाभार्थी भंवर लाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा का आभार जताया और कहा कि शिविर के कारण उन्हें समय पर न्याय मिला।

# स्मार्ट मीटर कंपनी कार्यालय में आत्मदाह

## 40 प्रतिशत झुलसे युवक की पीबीएम में मौत, परिजनों ने वरिष्ठ अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप, सड़क पर धरना

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र में स्थित एक स्मार्ट मीटर कंपनी के दफ्तर में मंगलवार को हुए आत्मदाह के मामले में इलाज के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। पीबीएम अस्पताल में भर्ती करीब 40 प्रतिशत तक झुलसे युवक की मौत से परिजनों में गुस्सा फैल गया। घटना के वक्त वहां मौजूद स्टाफ ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाई और पुलिस को खबर दी। सूचना पर पहुंची मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को तुरंत पीबीएम अस्पताल पहुंचाया लेकिन इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पहचान लक्ष्मण सिंह के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि वह पिछले करीब एक साल से इसी





कंपनी में काम कर रहा था। लक्ष्मण सिंह की मौत के बाद परिवार के लोग और समर्थक सड़क पर उतर आए। उन्होंने एक वरिष्ठ अधिकारी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजन न्याय मिलने तक धरने पर बैठे हुए हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान और कार्यालय में मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्ध समाज की मांगः ओबीसी गणना में अलग पहचान या जाट के साथ जोड़ने की गुहार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



(खबर आस पास)

**श्रीडूंगरगढ़/बीकानेर (मुकेश रामावत):** राज्य में चल रही अन्य पिछड़ा वर्ग की गणना के बीच श्रीडूंगरगढ़ में सिद्ध समाज ने अपनी पहचान को लेकर आवाज उठाई है। समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि ओबीसी की ऑनलाइन सूची में सिद्ध जाति को शामिल किया जाए। समाज का कहना है कि वर्तमान गणना की सूची में सिद्ध जाति का नाम नहीं है, जिसके कारण उन्हें ओबीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि सिद्ध समाज मूलतः जाट जाति से जुड़ा हुआ है और जाटों के 41 गोत्रों में सिद्ध भी शामिल है। ज्ञापन में दो विकल्प रखे गए हैं। या तो सिद्ध जाति को ओबीसी सूची में अलग से क्रमांक दिया जाए, या फिर इसे जाट जाति के साथ ही जोड़ा जाए। समाज ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सिद्धों की गिनती नाथ-जोगी वर्ग के साथ करवाने का प्रयास गलत है। यह ज्ञापन राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मदन लाल भाटी के नाम सौंपा गया। इस दौरान ओशो जिज्ञासु सिद्ध, पुरनाथ सिद्ध सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नापासर पुलिस का एक्शनः 5 हजार के इनामी नाबालिग को किया निरुद्ध, 2 दिन में दूसरी बड़ी गिरफ्तारी



(खबर आस पास)

**नापासर/बीकानेर (मुकेश रामावत):** नापासर थाना पुलिस ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नव नियुक्त थानाधिकारी कविता पुनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 5 हजार रुपए के इनामी एक नाबालिग आरोपी को निरुद्ध किया है।

पुलिस के अनुसार यह आरोपी एक आपराधिक मामले में फरार चल रहा था। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नापासर पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। इससे पहले भी नापासर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अन्य वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया था। दो दिन के भीतर की गई इन दोनों कार्रवाइयों से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा है।।थानाधिकारी कविता पुनिया ने बताया कि नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। साथ ही मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध गतिविधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नोखा पुलिस की बड़ी कामयाबी: पटवारी भर्ती घोटाले में 2 साल से फरार निलंबित पटवारी गिरफ्तार, एसओजी को सौंपा



(खबर आस पास)

**नोखा/बीकानेर (मुकेश रामावत):** नोखा थाना में नए सीआई गोविंद सिंह के पदभार संभालते ही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नोखा पुलिस ने पटवारी भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में 2 साल से फरार चल रहे एक निलंबित पटवारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक मुदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिनेश पुत्र तुलसाराम बिश्नोई उम्र 34 साल के रूप में हुई है। वह पुलिस थाना झाब, जिला जालोर का निवासी है और पटवारी पद पर कार्यरत रहते हुए निलंबित किया जा चुका है। आरोपी के खिलाफ एसओजी द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर एफआईआर दर्ज है। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। नोखा थाना पुलिस ने साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह मामला सीधे एसओजी से जुड़ा हुआ है। इसलिए गिरफ्तारी के बाद आरोपी दिनेश को आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए एसओजी टीम के सुपुर्द कर दिया गया है। सीआई गोविंद सिंह ने बताया कि नोखा थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस अब इस मामले में आरोपी से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर रही है।

# नापासर प्रसूता कमला मेघवाल केस: केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने दिए जांच और मदद के निर्देश, धरना समाप्त



(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** बीकानेर के नापासर क्षेत्र की प्रसूता कमला मेघवाल की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी के सामने चल रहे धरने पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने हस्तक्षेप किया। मंत्री ने एडीसी उम्मेद सिंह रतनू, सीओ अनुषा कालिया और एसपीएमसी प्रिंसिपल डॉ.सुरेंद्र वर्मा से फोन पर बात कर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। मंत्री के निजी सचिव तेजाराम मेघवाल मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई होगी। राज्य सरकार के नियमानुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। प्रशासन के सकारात्मक आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरने में भाजपा नेता प्रकाश मेघवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद थे।

## विधानसभा के 75 साल: वरिष्ठ विधायक के रूप में सम्मानित होंगे कोलायत के देवीसिंह भाटी



(खबर आस पास)

**कोलायत/बीकानेर (मुकेश रामावत):** राजस्थान विधानसभा के गठन के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित अमृत महोत्सव में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर कोलायत से सात बार विधायक और पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी को भी वरिष्ठ सदस्य के तौर पर सम्मानित किया जाएगा। समापन समारोह में भारत के उप राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और प्रदेश के वरिष्ठ विधायकों को सम्मान देंगे। कार्यक्रम के दौरान देवी सिंह भाटी समसामयिक विषयों पर अपने अनुभव भी साझा करेंगे। अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। वहीं राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विधानसभा सचिवालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के वर्तमान और पूर्व विधायकों का विशेष सम्मेलन भी होगा। आयोजन का मकसद लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जनप्रतिनिधियों के योगदान को सम्मान देना है। देवी सिंह भाटी प्रदेश के उन चुनिंदा नेताओं में हैं, जिन्होंने कई दशकों तक विधानसभा में सक्रिय भूमिका निभाई है। सात बार विधायक और पूर्व मंत्री के रूप में उनका लंबा अनुभव इस सम्मान का आधार बना। यह सम्मान केवल भाटी का ही नहीं, बल्कि पूरे कोलायत क्षेत्र और बीकानेर जिले के लिए गर्व का विषय है। प्रदेश की पहली विधानसभा होने के नाते राजस्थान विधानसभा का यह 75वां वर्ष समारोह देशभर में लोकतंत्र की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

## पुलिस बनकर ठगी का खेल: बीकानेर में फर्जी पुलिसकर्मी बने बदमाशों ने दिन दहाड़े उतरवाए सोने के गहने, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस




(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** शहर में मंगलवार दोपहर फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले दो बदमाशों ने अलग-अलग जगहों पर लोगों को निशाना बनाया। बाइक सवार इन आरोपियों ने खुद को पुलिस वाला बताकर लोगों से सोने के आभूषण निकलवा लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार दाऊजी रोड इलाके में दोनों युवकों ने एक व्यक्ति को रोक लिया। खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्होंने जांच के नाम पर डराया। इसके बाद 'सुरक्षित रखने' की बात कहकर उसके हाथ में पहना सोने का कड़ा ले लिया। बदले में नकली सामान पकड़ाकर दोनों वहां से निकल गए। जब व्यक्ति को धोखे का पता चला तो उसने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आरोपी भीनासर पहुंचे। यहां टैक्सी से उतरी दो महिलाओं को उन्होंने रोका। पुलिस कार्रवाई का हवाला देकर कहा कि गहने चोरी हो सकते हैं, इसलिए उतारकर रख लें। इसी बहाने बदमाशों ने महिलाओं के कानों के झुमके और लॉकेट उतरवा लिए। गहनों को कागज में लपेटकर कंकड़ के साथ महिलाओं को थमा दिया। जब महिलाओं ने कागज खोला तो ठगी का पता चला। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी केएमआर होटल के पास से होते हुए बरसिंगसर रोड की तरफ भाग गए। सूचना मिलते ही कोतवाली और गंगाशहर थाना पुलिस एक्टिव हुई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक फुटेज में संदिग्ध बाइक सवारों की तस्वीरें मिल गई हैं। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

## मैटरनिटी लीव पर महिला शिक्षकों को तुरंत ट्रांसफर से राहत, अवकाश बाद 5 दिन में कार्यमुक्ति

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने वरिष्ठ अध्यापकों और बेसिक कंप्यूटर अनुदेशकों के हालिया तबादला आदेशों को लेकर नया स्पष्टीकरण जारी किया है। निदेशालय के अनुसार 8 और 10 जुलाई 2026 को जारी किए गए स्थानांतरण आदेशों में सभी कार्मिकों को आदेश की तिथि से 10 दिन के भीतर कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अब मैटरनिटी लीव पर चल रही महिला कार्मिकों के लिए अलग नियम लागू होगा। निदेशक सीताराम जाट द्वारा जारी नए आदेश में कहा गया है कि जो महिला शिक्षक या अनुदेशक अभी प्रसूति अवकाश पर हैं, उन्हें छुट्टी के दौरान कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा। ऐसी महिला कार्मिकों को अवकाश समाप्त होने के बाद जब वे अपने वर्तमान स्कूल में जॉइन करेंगी, तब 5 दिन के अंदर स्थानांतरण आदेश के अनुसार कार्यमुक्त करना होगा। निदेशालय ने साफ किया कि तबादला आदेशों की बाकी सभी शर्तें पहले की तरह ही लागू रहेंगी।

**मुख्य बातें**

- 8 और 10 जुलाई को जारी हुए थे तबादला आदेश।
- सामान्य स्थिति में 10 दिन में कार्यमुक्ति जरूरी।
- मैटरनिटी लीव वाली महिलाओं को तुरंत कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा।
- अवकाश खत्म होने के बाद कार्यग्रहण पर 5 दिन में रिलीव करना होगा।
- अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

## पावर ग्रिड के डीजीएम देवेश 90 हजार रिश्वत लेते ट्रैप, ठेकेदार से मांग रहा था घूस

(खबर आस पास)

**बीकानेर (मुकेश रामावत):** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बीकानेर में बड़ी कार्रवाई करते हुए पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के डीजीएम देवेश को 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी यह राशि एक ठेकेदार से ले रहा था। एसीबी को मिली शिकायत के आधार पर एडीएसपी आशीष कुमार के निर्देशन में ट्रैप की योजना बनाई गई। सीआई इंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश देकर डीजीएम देवेश को रिश्वत लेते समय पकड़ लिया। एडीएसपी आशीष कुमार ने बताया कि सीआई इंद्र कुमार एंड टीम मौके पर मौजूद है और फिलहाल कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही रिश्वत के लेन-देन से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। एसीबी के डीजी गोविंद गुप्ता के निर्देश पर राजस्थान में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए लगातार ट्रैप कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीकानेर में यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संपादक सत्येन्द्र राजवंशी के लिए शारदा ऑफसेट, मुख्य डाकघर के पास, कुचिलपुरा, गजनेर रोड, बीकानेर, राजस्थान से मुद्रित एवं वार्ड नं. 01, गोदारा बास, मोमासर, बीकानेर, राजस्थान से प्रकाशित। संपादक- सत्येन्द्र राजवंशी मो. 95875 70001